Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to improve BSNL telecom services in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand-laid.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत संचार व्यवस्था की स्थिति अत्यंत दयनीय है । पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले यथा पलामू एवं गढ़वा नक्सल प्रभावित जिले हैं तथा पिछड़े एवं आकांक्षी जिले हैं । दूरसंचार की व्यवस्था संतोषप्रद नहीं है । मोबाइल टावर की संख्या अत्यधिक कम है और यदि एक दो जगहों पर टावर है अभी तो कार्यरत नहीं रहते हैं और कभी-कभी रहते भी हैं तो सीमावर्ती राज्यों के टावर ही प्रभावकारी होते हैं । पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा जिला अंतर्गत सीमावर्ती प्रखंडों यथा बरडीहा, केतार, खरौंधी, भंडरिया, चिनिया, बडगड, रमकंडा में संचार व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है । बीएसएनल टावर लगाने के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से होते हुए राज्य सरकार ने कुल 84 बीएसएनल मोबाइल टावर लगाने की सूची गृह विभाग को भेजी थी जो मेरी जानकारी के अनुसार दूरसंचार मंत्रालय/बीएसएनल मुख्यालय में प्राप्त हो चुकी है परंतु इस दिशा में कोई सार्थक पहल अभी तक की गयी नहीं दिखती है ।

अतः मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं पलामू जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की कृपा करें एवं बीएसएनल को यथा वांछित जगहों पर स्थापित करने का आदेश संबंधित पदाधिकारियों को देने की कृपा करें।